This question paper contains 7 printed pages]

आपका अनुक्रमांक..................

3231

Concurrent Course for Hon. Prog./I Sem. B

HINDI LANGUAGE (Higher)—Qualifying Course

हिंदी भाषा (उच्चतर)--योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

(प्रवेशवर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

निर्देश :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के उत्तर 300 शब्दों में और टिप्पणियाँ 160 शब्दों में लिखिये।

खण्ड 'क'

1. स्वाधीनता आंदोलन में खड़ी बोली हिंदी के आंदोलन की भूमिका और योगदान पर विचार कीजिये। 15

अथवा

आजादी से पहले के भारत में हिंदी भाषा के भौगोलिक प्रसार का परिचय दीजिये।

2. मानक भाषा का आशय स्पष्ट करते हुए हिंदी के मानकीकरण पर विचार कीजिये। 15

अथवा

राष्ट्रभाषा और राजभाषा के अंतर को स्पष्ट कीजिये।

3. समाचार के विविध रूपों में प्रयुक्त हिंदी भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिये। 15

अथवा

हिंदी भाषा के उत्कर्ष और रचनात्मक उपयोग में इलेक्ट्रोनिक मीडिया के योगदान की वास्तविक स्थिति पर विचार कीजिये।

4. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिये : 3×5=15

   (*i*) संपादकीय पृष्ठ की भाषा

   (*ii*) संपर्क भाषा

   (*iii*) रेडियो नाटक की भाषा

   (*iv*) खेल समाचारों की भाषा

   (*v*) विज्ञापन की भाषा

   (*vi*) इलेक्ट्रोनिक मीडिया की भाषा।

खण्ड 'ख'

5. हिंदी के प्रतिष्ठित लेखकों को 'हिंदी दिवस' पर मानपत्र देने की स्वीकृति के विषय में शिक्षा मंत्रालय के सचिव की ओर से संस्कृति-कला केंद्र के अध्यक्ष को अर्द्धसरकारी पत्र (डी.ओ.) लिखिये। 5

अथवा

विद्यालय में छात्रवृत्ति के लिये आवेदन-पत्र तैयार कीजिये।

6. (क) किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिये : 5

(*i*) Authentic

(*ii*) Bona fide

(*iii*) Complex

(*iv*) Cognition

(*v*) Epistemology

(*vi*) Discretion

(*vii*) Dialectics

(*viii*) Indentity.

(ख) किन्हीं **पाँच** प्रशासनिक अभिव्यक्तियों के हिंदी प्रतिरूप लिखिये : 5

(*i*) Carried forward

(*ii*) Kindly acknowledge

(*iii*) The proposal is self-explanatory

(*iv*) Delay in returning the file is regretted

(*v*) The matter is still under consideration

(*vi*) We have no remarks to offer

(*vii*) Administrative approval may be obtained

(*viii*) Draft approved as amended.

(*ix*) A draft sanction letter is put up for approval.

(ग) निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** के हिंदी प्रतिरूप लिखिये : 5

(*i*) A bone of contention.

(*ii*) Brain drain.

(*iii*) Easy come easy go.

(*iv*) Handsome is that handsome does.

(*v*) Thrown on one's back.

(*vi*) To blow hot and cold.

(*vii*) To look blank.

(*viii*) To walk on air.

(*ix*) To freeze out.

7. 'व्यक्तित्व और जीवन की उन्नति में उच्च शिक्षा का महत्व' का पल्लवन कीजिये (अधिकतम **250** शब्द)। **8**

अथवा

निम्नलिखित अवतरण का शीर्षक देते हुये संक्षेपण कीजिये :

भाषा और साहित्य के अभिन्न संबंध को यदि हिंदी भाषा के संदर्भ में देखा जाये तो इस भाषा में साहित्य की लंबी

परंपरा मिलती है। हिंदी के कालजयी महत्वपूर्ण साहिंत्यकारों में—भारतेंदु, प्रसाद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, अज्ञेय, श्री नरेश मेहता, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी आदि ने खड़ी बोली हिंदी के रूप को निखारकर मानक, जीवंत और सक्षम बनाया। हिंदी साहित्य की परंपरा में भाषा की सर्जनात्मकता का सार्थक और सर्वोत्कृष्ट रूप इन साहित्यकारों की कृतियों में मिलता है। इनके साहित्य को भाषिक अभिव्यंजना क्षमता की दृष्टि से समझने से साहित्य की समझ के साथ-साथ मातृभाषा की संपूर्ण संभावनाओं की जानकारी होती है; क्योंकि किसी भाषा की वास्तविक दक्षता उसके उत्कृष्ट साहित्यिक रूप की समझ से ही विकसित हो पाती है। भाषा के प्रयोक्ता के रूप में साहित्यकार केवल 'कुछ कहता' नहीं है, बल्कि वह नया सृजन करता है। साधारण तथ्यों और सूचनाओं से आगे बढ़कर 'कुछ अतिरिक्त' और 'विशेष' की अभिव्यंजना करने वाली भाषा इन साहित्यकारों की पहचान का आधार बन जाती है।

8. किसी **एक** विषय पर 400 शब्दों में निबंध लिखिये : 12

(*i*) वर्तमान शिक्षा प्रणाली की विशेषतायें

(*ii*) मेरा प्रिय लेखक

(*iii*) मेरी जीवन-आकांक्षा

(*iv*) कर्म ही जीवन है।